Monday, 15th January 2024 For Immediate Release
New Delhi

# टाटा पावर-डीडीएल ने लॉन्च किया 'ग्रीन वॉरियर्स 2.0' कैम्पेन कॉर्पोरेट और बिज़नेस समुदाय को उनके 'सस्टेनेबल ट्रांज़िशन' सफर के बारे में शेयर करने के लिए किया आमंत्रित

नॉर्थ एवं नॉर्थवैस्ट दिल्ली में लगभग 7 मिलियन की आबादी को बिजली सप्लाई करने वाली अग्रणी यूटिलिटी टाटा पावर-डीडीएल ने सस्टेनेबिलिटी के बारे में जागरूकता बढ़ाने की अपनी पहल **'ग्रीन वॉरियर्स 2.0'** कैम्पेन का दूसरा एडिशन लॉन्च करने की घोषणा की है। जलवायु परिवर्तन और धरती पर इसकी वजह से पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के मद्देनज़र, यह कैम्पेन दिल्ली/एनसीआर में कार्यरत कार्पोरेट, स्टार्ट-अप्स, एसएमई और बिजनेस इकाइयों को ग्रीन एनर्जी अपनाने, सस्टेनेबिलिटी तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को अपने स्तर पर लागू करने के अपने सफर के बारे में जानकारी साझा करने के लिए आमंत्रित करता है।

यह कैम्पेन, टाटा पावर-डीडीएल की 'ऊर्जा अर्पण' पहल के अनुरूप है जो लोगों और संगठनों को एनर्जी एफिशिएंट प्रोडक्ट्स एवं सेवाओं का इस्तेमाल कर जिम्मेदारी के साथ बिजली की खपत के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें अधिक हरे-भरे भविष्य हेतु सस्टेनेबल लाइफस्टाइल चुनने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**कैम्पेन से जुड़ने के इच्छुक प्रतिभागी अपनी वीडियो प्रविष्टियां (अधिकतम अवधि - 2 मिनट) जमा करवा सकते हैं, इनके जरिए वे अपने व्यवसायों और संगठन के स्तर पर लागू उन सभी इको-फ्रैंडली और सस्टेनेबल प्रयासों** को प्रदर्शित कर सकते हैं जो कि देश

के नैट जीरो लक्ष्य के अनुरूप हैं। वीडियो प्रविष्टि के तीन भाग होने चाहिएः पहला, अपने बिजनेस का परिचय दें, ग्रीन ट्रांजिशन से पहले के हालात को दर्शाने वाली फुटेज हो, और अंत में, ट्रांजिशन के कारणों तथा उसके सकारात्मक प्रभावों को प्रदर्शित करने वाली फुटेज भी शामिल हो। **टॉप 3 ग्रीन ट्रांजिशन स्टोरीज़ को आकर्षक पुरस्कार** तथा प्रत्येक प्रतिभागी को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। विजेता प्रविष्टियों को टाटा पावर-डीडीएल के सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर फीचर किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियों को **WeTransfer या WeSendIt** के जरिए **31 जनवरी 2024** तक corporate.communication@tatapower-ddl.com पर भेज सकते हैं। साथ में अपना नाम, बिजनेस और कॉन्टैक्ट नंबर भी अवश्य दें। **प्रविष्टि जमा कराने की अंतिम तारीख 31 जनवरी 2024 है। (नियम एवं शर्तें लागू)**

प्रविष्टियों का मूल्यांकन टाटा पावर-डीडीएल के वरिष्ठ अधिकारियों की प्रतिष्ठित जूरी द्वारा किया जाएगा।

इस पहल के बारे में, **श्री गणेश श्रीनिवासन, सीईओ, टाटा पावर-डीडीएल** ने कहा, *"टाटा पावर-डीडीएल में हम सस्टेनेबिलिटी के लिए काफी मजबूती के साथ अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखे हुए हैं और हमारा प्रयास जिम्मेदारी के साथ एनर्जी की खपत को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों में कमी लाना है। साथ ही, हम अपने विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए भी समुदायों की खुशहाली को बढ़ावा देते हैं। 'ग्रीन वॉरियर्स 2.0' कैम्पेन देश में उद्यमों तथा कारोबारों को सस्टेनेबल व्यवहारों को अपनाकर दूसरों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करने को प्रोत्साहित करता है।"*

टाटा पावर-डीडीएल के **'ग्रीन वॉरियर्स' कैम्पेन के शुरुआती 'चैप्टर 1'** के लिए तीसरी से 10वीं तक के स्कूली छात्रों को आमंत्रित किया गया था जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण के इनोवेटिव आइडियाज़ के मामले में योगदान दिया। 'क्लब एनर्जी' प्रोग्राम के तहत्, इस कैम्पेन को देशभर के विभिन्न स्कूलों के स्कूली छात्रों से उत्साहजनक प्रतिक्रियाएं मिलीं और उन्होंने कविताएं, नृत्य, अभिनय आदि के माध्यम से अपने विचारों को साझा किया। इन छात्रों ने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए 1 मिनट का वीडियो भी बनाया जिसके जरिए यह दिखाया गया था कि कैसे पर्यावरण की सुरक्षित रखा जा सकता है और साथ ही,

ग्लोबल वार्मिंग को घटाकर तथा उस पर नियंत्रण कर हरे-भरे भविष्य की नींव रखी जा सकती है।

अधिक जानकारी और प्रतियोगिता की शर्तों एवं नियमों के लिए कृपया हमारे सोशल मीडिया हैंडल्स पर कैम्पेन लॉन्च वीडियो देखेंः

**फेसबुकः** https://fb.watch/pvqd9clDjL/?mibextid=v7YzmG
**इंस्टाग्राम:** https://www.instagram.com/reel/C18q_f7Ifml/?igsh=MTUwc2RjZjg1aGg5dw==

**टाटा पावर-डीडीएल के बारे में**

टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर का ज्वाइंट वेंचर है। कंपनी नॉर्थ दिल्ली में करीब 7 मिलियन की आबादी के लिए पावर सप्लाई करती है। टाटा पावर-डीडीएल बिजली वितरण के क्षेत्र में सुधारों के स्तर पर अग्रणी है और इसे उपभोक्ता केंद्रित व्यवहारों के लिए जाना जाता है। निजीकरण के बाद से टाटा पावर-डीडीएल के वितरण इलाकों में एटीएंडसी नुकसान में रिकॉर्ड कमी आयी है। और सभी वर्टिकल्स में एडवांस्ड टैक्नोलॉजी अपनाकर बिजली वितरण के परिदृश्य में व्यापक बदलाव लया है। वर्तमान में एटीएंडसी नुकसान 6.34% है, जिसमें जुलाई 2002 में 53% के शुरुआती नुकसान में अप्रत्याशित कमी आई है। और जानकारी के लिए देखें: www.tatapower-ddl.com


For further information please contact:
**Corporate Communications:**
Sonia Sarin (9910292599)

**Slough PR:**
Archana (9958989404)